# पर्युषण महापर्व का तप, त्याग और तपस्या से स्वागत

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित गुरुवर मलयप्रभ सागर जी ने पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस के अष्टान्हिका प्रवचन में कहा कि मानो पूरी पृथ्वी उत्सव मना रही है, आज हमारे गृह आंगन में विशिष्ट अतिथि आए हैं। दूसरे अतिथि तो देकर बहुत कम जाते हैं और लेकर बहुत ज्यादा जाते हैं, लेकिन यह पर्युषण पर्व रूपी अतिथि तो देकर बहुत कुछ जाते हैं, लेकिन लेकर कुछ भी नहीं जाते। यह हमें क्षमा, त्याग, तप जैसी विशिष्ट चीजें देकर जाते हैं। परी और उषण मिलकर पर्युषण शब्द बना है। अपनी आत्मा की ओर हमें इन दिनों में यात्रा करनी है। शास्त्रों में बताया गया है कि हमें पहले धर्म के बारे में जानना



है फिर क्रिया करनी है। जिस दिन जानकर ज्ञानपूर्वक क्रिया करेंगे वही हमारी मुक्ति का कारण बनेगा। पर्युषण का मतलब ही हमारी आत्मा में निवास करना है। जैन दर्शन-धर्म त्याग प्रधान है, इसमें त्याग की प्रधानता रही है। पर्युषण हमारे पूरे वर्ष की जीवन शैली का इंटर्नशिप है। इन दिनों में की गई क्रिया को हमें पूरे वर्ष भर की जीवन शैली में उतारना है। जिस दिन हमारी आत्मा में ज्ञान-ोदय होगा उसी दिन हमारा मिथ्यात्व दूर होकर सम्यक्त्व आ जाएगा। यह दिन हमें मोह और अज्ञान की नींद से जगाने आए हैं। गुरुवर ने आगे कहा कि अनेक भवों के पुरुषार्थ के पश्चात हमें यह मानव जीवन मिला है, इस मानव जीवन को हमें व्यर्थ नहीं करना है। पर्युषण के इन दिनों में श्रावक के पांच मुख्य कर्तव्य हैं जिनका हमें पूर्ण रूप से पालन करना है। इन कर्तव्यों के माध्यम से हमें जिन शासन को जानना है। इसमें प्रथम कर्तव्य अमारी प्रवर्तन, दूसरा साधर्मिक वात्सल्य, तीसरा चैत्य परिपाटी, चतुर्थ अट्ठम तप और पांचवा क्षमापना है। यह पांचों हमारे श्रावक जीवन के मुख्य कर्तव्य है। अकबर ने अपने राज में अमारी प्रवर्तन का पर्युषण के पर्व दिनों में फरमान जारी किया था कि उसके राज्य में आठ दिनों तक कोई हिंसा नहीं होती थी। 18 देशों के राजा कुमारपाल जो कि चौलुक्य वंश के वंशज थे, वह भी चातुर्मास के दिनों में सिर्फ धार्मिक कार्यों में जुड़ जाते थे। उन्होंने बारह व्रतों को धारण किया था। शारीरिक हिंसा के साथ ही मानसिक हिंसा का भी ध्यान रखकर हमें उससे दूर रहना है।

# कर्मों की मार को कम करने के लिए समता का अभ्यास जरूरी: साध्वी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** साध्वी श्री सिद्धप्रभा जी के सानिध्य में तेरापंथ युवक परिषद् विजयनगर के निर्देशन में तेरापंथ किशोर मंडल और कन्या मंडल विजयनगर ने कर्मो की मार यमराज का दरबार का रोचक मंचन किया।

साध्वी श्री सिद्ध प्रभा जी ने मोक्ष मार्ग में प्रशस्त होने के लिए कर्मो की निर्जरा का महत्व बताया। साध्वी ने आस्था प्रभा जी द्वारा प्रदत्त कर्मो पर आधारित नाटिका के प्रस्तुतिकरण में साध्वी दीक्षा प्रभा जी के श्रम की अनुमोदना की। अर्हत वंदना के पश्चात इस कार्यक्रम की शुरुवात साध्वी आस्था प्रभा जी द्वारा कर्मो पर आधारित गीत से हुआ। तेरापंथ युवक परिषद् अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए शुभकामना प्रेषित की। यमराज चित्रगुप्त और सामान्य युवक की असमय मृत्यु पर घटित अतीत, वर्तमान और भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं को बहुत ही रोचक तरीके से किशोर मंडल और कन्या मंडल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अभातेयूप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने कर्मो पर आधारित रोचक नाटक की शानदार प्रस्तुति पर किशोर मंडल, कन्यामंडल को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष मंगल कोचर, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, किशोर मंडल प्रभारी अमित दक ने बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। मुख्य किरदार यमराज के रूप में युग देरासरिया, चित्रगुप्त बने तन्मय कावड़िया, और मानव की आत्मा के रूप में हर्ष मांडोत एवं संपूर्ण टीम के प्रस्तुतिकरण की सभी द्वारा सरहाना की गई। इस अवसर पर टीपीएफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष पुखराज श्रीश्रीमाल, सभा पदाधिकारी, तेयुप उपाध्यक्ष विकास बांठिया, सह मंत्री पवन बैद, कमलेश दक, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा, संगठन मंत्री पंकज कोचर, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा आदि लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री संजय भटेवरा ने किया।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। पर्युषण महा पर्व के प्रथम दिन शनिवार को मणिधारी एन्कलेव में परमात्मा शांतिनाथ दादा के दरबार में भव्य स्नात्र महोत्सव प्राकाशचंद, भुरमल सोनिगरा परिवार एवं जंबुलाल चौहान परिवार द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रावक श्राविकाओं में उत्साह दिया।*

# पराया दर्द जो समझे उसे इंसान कहते है: साध्वी

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर हुब्बल्ली के सहयोग से तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण की शिष्या हुब्बल्ली में विराजित समणी कुसुम प्रज्ञा जी एवं जिज्ञासा प्रभा जी के सानिध्य में नोखा निवासी हुब्बल्ली प्रवासी दिवंगत किरण देवी एवं स्व: मानमल पारख की पुण्यतिथि पर पारख परिवार की ओर से राज्य से अलग अलग कोने से आये जरूरतमंद दिव्यांगों में 11 कृत्रिम पांव का वितरण किया गया। साध्वी ने कहा यह पुण्य का कार्य कर हर व्यक्ति को अपनी श्रद्धा अनुसार करना चाहिए। मानव सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा में एक है। मानव संसार में आता




है और चला जाता हैं। उसके किए गए अच्छे कार्य भावी पीढ़ी तक याद रहते है। महावीर लिंब सेंटर सस्था पिछले 25 वर्षो से लगभग 55 हजार लोगों को कृत्रिम पांव लगाकर जैन समाज के लिए बहुत ही महान कार्य किया है। इस अवसर पर फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने कहा पारख परिवार ने उनके परिजनों की स्मृति में दिव्यांगों को स्वावलंबी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया है। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली ने कहा महावीर लिंब सेंटर पिछले 25 वर्षो से अनवरत दिव्यांगों की सेवा का कार्य कर रहा है। जो हम सभी के लिए प्रेरणा का कार्य है। सभा के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पालगोता, मंत्री अमराव सिंह बैद, युवक परिषद् के अध्यक्ष विशाल बोहरा, गौतम बैताला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रमेश चोपड़ा ने किया। मुनिलाल पारख ने पधारे हुए अथितियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महावीर लिंब सेंटर के चेयरमैन गौतम गोलेछा, कार्यदर्शी प्रकाश कटारिया, निदेशक कांतिलाल बोहरा, कन्वेनर सुभाष चंद्रा डंक, हुब्बल्ली तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली, तेरापंथ सभा के मंत्री अमराव सिंह बैद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# यह मशीन-यंत्रों से भरी दुनिया

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गणेश बाग में विराजित श्री विनय मुनि जी खींचन ने कहा कि जो अपनी आत्मा को सुधारना सीख गया, समझो जगत को सुधार दिया। यह मशीन-यंत्रों से भरी दुनिया है। इंसान ने धर्म को खोकर यंत्रों को पाया और यंत्रों ने इंसान की अतिआवश्यक जीवन के संसाधनों पर चोंट पहुंचाई। हवा-पानी - भोजन इन तीनों को प्रदूषित जितना षड्यंत्रों ने नही किया, उससे ज्यादा यंत्रों किया है। दिनो दिन यंत्रों के नये नये आविष्कारों ने इन्सान को मशीनों का दास बना दिया है। इस कारण सबसे ज्यादा मानासिक रोगी होंगे। कैंसर जैसी बीमारी प्रायः बढ़ती ही जार ही है। इस मौके पर सुरेश चंद छल्लाणी, अनुराग जैन, विजय राज लोढा, गोविंद सिंह छाजेड़, आशा सुराणा आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्त चाप शिविर का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम द्वारा निःशुल्क मधुमेह एवं रक्त चाप शिविर का आयोजन गायत्री नगर स्थित मरियप्पनपाल्या पार्क में किया गया। शिविर की शुरुआत सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई। जिसमें कुल 81 लोग लाभान्वित हुए। तेयुप सदस्यों ने स्थानीय लोगों से संपर्क करते हुए सभी को एटीडीसी श्रीरामपुरम द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं, डॉक्टर की उपलब्धता एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया। शिविर में एटीडीसी स्टाफ दीपा, एवं दीपाश्री का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। तेयुप से जयंतीलाल गांधी, रवि चौधरी, विनोद कोठारी, मुकेश भंडारी, हरीश पोरवाड़, एवं किशोर मण्डल से नमन देरासरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# 15 सितंबर तक लाइसेंस नहीं लेने वाले पीजी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** निगम ने सिलिकॉन सिटी के पीजी को झटका दिया है। बीबीएमपी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 सितंबर तक पीजी के लिए लागू किए गए नए दिशानिर्देशों को नहीं अपनाया गया तो ऐसे पीजी के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। बीबीएमपी अधिकारियों ने कहा कि यदि समय सीमा के भीतर नए दिशानिर्देशों को नहीं अपनाया गया तो ऐसे पीजी के लाइसेंस अनधिकृत माने जाएंगे और रद्द



कर दिए जाएंगे। शहर में अब तक मात्र 2000 पीजी को ही लाइसेंस जारी किया गया है। लेकिन शहर में हजारों पीजी हैं। इसलिए, अधिकारियों ने अनधिकृत पीजी को खोजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शहर में चल रहे 25,000 से अधिक पीजी के बारे में जानकारी उपलब्ध होने के बाद बीबीएमपी ने अनधिकृत पीजी में कटौती करने की योजना तैयार की है। चाहे कोई भी पीजी हो, उन्हें 15 सितंबर तक लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें बंद करने की चेतावनी दी गई है। बीबीएमपी के विशेष आयुक्त सुरलकर विकास किशोर ने चेतावनी दी है कि शहर में चाहे कितने भी पीजी हों, 15 सितंबर तक लाइसेंस ले लें या सजा भुगतने के लिए तैयार रहें।

# स्कूली बच्चों में शिक्षण सामग्री का वितरण



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद् राजराजेश्वरी नगर ने कास्यपुरा सरकारी हाई स्कूल रामनगर में पढ़ रहे बच्चों में हनुमानमल, संजय कुमार, मनोज कुमार बैद परिवार नोखा बेंगलूरु के सहयोग से सफेद जूते एवं नोट बुक्स का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ हुआ। परिषद अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के पास सफेद जूतों एवं नोट बुक्स की कमी थी, जिसे हमने प्रायोजक परिवार के सहयोग से उपलब्ध कराया। स्कूल प्राध्यापक ने इस सहयोग के लिए तेयुप आर आर नगर का आभार जताया। इस अवसर पर परिषद् से निवर्तमान अध्यक्ष विकाश छाजेड़, संस्थापक अध्यक्ष राजेश भंसाली, कोषाध्यक्ष गौतम नाहटा, संगठन मंत्री संदीप बैद, कार्यसमिति सदस्य दीपक सुराणा ने अपने समय का विसर्जन कर सेवा कार्य में सहयोग किया।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से हेगनहल्ली क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हेगनहल्ली निसर्ग इंग्लिश हाई स्कूल में आयोजित समापन समारोह में विजेता बच्चों में पुरस्कार वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक एस. मुनिराजू मुख्य अतिथि और गौ सेवक महेंद्र मुणोत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। विजेता बच्चों को पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र वितरित किये गये।*

# बैर, विष, दोषों का शमन करता है पर्युषण पर्व : आचार्य

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** वीवी पुरम में विराजित आचार्य श्री अरिहंतसागर सूरीश्वरजी ने श्री संभवनाथ भवन में, पर्युषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सालभर की ऋतुओं में वर्षा ऋतु को सबसे उत्तम बताया गया है, क्योंकि इस मौसम में शरीर में पानी अधिक और वाता-वरण में ठंडक ज्यादा होती है। यही समय है जब तप करना आसान होता है। बरसात के कारण जीवों की उत्पति ज्यादा होती है। अतः जीवरक्षा के लिए साधु-साध्वी एक जगह ठहरते हैं, विहार नहीं करते। उनके सानिध्य में रहकर श्रावक-श्राविकाएं ज्ञान-ध्यान-अध्ययन के अलावा तप-त्याग-संयम की आराधना पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हर



जैन के लिए आत्मा की वार्षिक शुद्धि अनिवार्य है। इस उद्देश्य पूर्ति के लिए संवत्सरी का दिन निर्धारित है, यह दिन ऋतुओं का संधिकाल है। पूर्व के महापुरुषों ने यह समय इस उद्देश्य से चुना था कि मन और आत्मा के भावों को परिवर्तित करने की प्रक्रिया में श्रेष्ठ काल सहायभूत होता है। पर्युषण मुख्य रूप से आत्मा की वार्षिक शुद्धि करने का पर्व है। इस कार्य के लिए चुना गया यह समय तर्कसंगत और विज्ञान संगत है। यह काल साधक के लिए जगत के सभी जीवों के साथ क्षमापना, मैत्री, आत्मिक हित-चिंता, अध्यात्म के उन्नत भावों के साथ स्वयं के दोष, बैर-जहर का उपशमन करने का उत्तम समय है। इस कार्य को श्रेष्ठ धर्म अनुष्ठान के रूप में सुंदर तरीके से संपन्न करना होता है।

### सीएम के खिलाफ फैसला सुनाने पर

# कांग्रेस का राज्यपाल पर भड़का गुस्सा राजभवन चलो अभियान चलाया





## राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने हाल ही में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी था। इसके खिलाफ पूरे राज्य में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच शनिवार को सत्ता में मौजूद मंत्रियों ने मुडा मामले में राज्यपाल के फैसले के विरोध में राजभवन चलो अभियान चलाया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, राज्य मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों के साथ-साथ कांग्रेस विधायकों ने राजभवन चलो में भाग लिया। कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत पर कांग्रेस के खिलाफ पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए राजभवन तक मार्च किया। वहीं सीएम राज्यपाल की बैठक में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन राजभवन चलो पर गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा हम कर्नाटक के सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ मामला चलाए जाने की अनुमति देने का विरोध कर रहे हैं। उनके सामने अन्य मामले भी हैं, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। हमारी मांग है कि राज्यपाल उन पर विचार क्यों नहीं कर रहे हैं और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों नहीं दे रहे हैं। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा हम बस यही पूछ रहे हैं कि केवल सिद्धरामैया के खिलाफ ही फैसला क्यों लिया गया? सीएम के खिलाफ



मुकदमा चलाने की इतनी जल्दबाजी क्यों है। सिद्धरामैया के मामले में मुकदमा चलाने के लिए किसने कहा? एक आरटीआई कार्यकर्ता ने? क्या जांच पूरी हो गई है? क्या किसी अन्य एजेंसी द्वारा इसका समर्थन किया गया है? नहीं। लेकिन कुमारस्वामी, जनार्दन रेड्डी के मामले में जांच एजेंसियों ने अभियोजन के लिए कहा है। मगर इन मामलों की फाइलें राज्यपाल के पास सड़ रही हैं। राज्यपाल इन 4-5 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने या जारी करने में दिल-चस्पी क्यों नहीं ले रहे हैं? डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा हम उनसे निष्पक्ष होने की मांग कर रहे हैं। यह (एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ मामला) एक ऐसा मामला है, जहां पूरी जांच हो चुकी है। इसलिए, अभियोजन को मंजूरी दें और संविधान के अनुसार कानूनी रूप से कार्रवाई करें। उन्हें यह करना होगा। हालांकि बहुत दबाव हो सकता है, लेकिन हमें विश्वास है कि कुछ अच्छी समझ उन पर हावी होगी। लोगों ने कांग्रेस सरकार को महत्वपूर्ण जनादेश के साथ चुना है। उन्होंने कहा उन्होंने हमें 136 विधायक सीटें दी हैं और कर्नाटक में हमारी एक शक्तिशाली सरकार है। इस सरकार को अस्थिर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर वे यहां सरकार को अस्थिर करने में कामयाब हो जाते हैं, तो वे विपक्ष को कमजोर कर सकते हैं। संघीय व्यवस्था में, कर्नाटक देश के लिए एक प्रमुख यो-गदानकर्ता है, जो अन्य राज्यों की मदद करता है। यहां अशांति पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल के कार्यालय का इस्तेमाल इस उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हम राज्यपाल से आग्रह करते हैं कि वे अभियोजन की मांग करने वाली अन्य याचिकाओं पर निष्पक्षता से विचार करें और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर न्याय करें। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि राज्यपाल का कार्यालय उनकी मांगों पर प्रतिक्रिया देगा, तो शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करना है। हमें विश्वास है कि राज्यपाल लंबित याचिकाओं पर विचार करेंगे। खाद्य मंत्री केएच मुनियप्पा ने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्यपाल को सभी मामलों को समान रूप से देखना चाहिए। बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने आरोप लगाया कि राज्यपाल का कार्यालय भाजपा का कार्यालय बन गया है। उन्होंने तर्क दिया कि मुडा मामले में सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ आरोप झूठे हैं। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ शिकायत प्राप्त होने के दिन ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि पूर्व भाजपा मंत्रियों शशिकला जोले, मुरुगेश निरानी, जनार्दन रेड्डी और विशेष रूप से एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ प्रारंभिक जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन याचिकाएं पिछले नौ से 15 महीनों से लंबित हैं। उन्होंने कहा सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ कोई प्रारंभिक जांच नहीं हुई है। मुडा ने गलती की है और हम कानूनी लड़ाई जीतेंगे। समाज कल्याण मंत्री एच.सी. महादेवप्पा ने कहा कि राजभवन को राजनीति का केंद्र बना दिया गया है और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के मामले में न्याय की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल गहलोत ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अपनी ओर से सहमति नहीं दी है, बल्कि उन्होंने केवल मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर शिकायतों पर कार्रवाई की है। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे उनके समक्ष लंबित अन्य याचिकाओं पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। दरअसल, कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन घोटाले में सीएम सिद्धरामैया को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना

साथ ही उनके खिलाफ जांच शुरू करने और मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। राज्यपाल के आदेश को सीएम सिद्धरामैया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि हमने राज्यपाल के आचरण के संबंध में कुछ निर्णय लिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने राज्य में पार्टी की ओर से विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है। इसके बाद एक साथ सभी विधायक और सांसद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। इससे पहले कांग्रेस के प्रतिनिधि और प्रमुख नेता विधान सौधा के परिसर में एकत्र हुए और महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया, जिसमें राज्यपाल की आल-ोचना करने वाली तख्तियां थीं। तख्तियों पर लिखा था, भाजपा का कठपुतली राज्यपाल, और पक्षपाती राज्यपाल। नेत-ाओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर राज्यपाल के खिलाफ नारे लगाए और राज्यपाल के कार्यालय की ओर मार्च किया। राजभवन पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

# पहले चरण में 93 स्ट्रीट वेंडर्स को मिला आईडी कार्ड

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शहर के स्टेट बैंक के पास 93 स्ट्रीट वेंडर्स को शनिवार को पहचान पत्र वितरित किए गए। मेयर सुधीर शेट्टी ने घोषणा की कि सभी 667 स्ट्रीट वेंडर्स को चरणों में विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय करने का अवसर दिया जाएगा। मेयर कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक फोन-इन कार्यक्रम के दौरान, जनता ने मेंगलूरु सिटी कॉरपोरेशन के ऑपरेशन टाइगर की सराहना की। मेयर ने कहा कि फुटपाथ पर स्ट्रीट वेंडिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऑपरेशन टाइगर को एक साल के लिए अनुबंधित किया गया है और यह जारी रहेगा। जोनल कमिश्नर रेखा शेट्टी ने कहा स्टेट बैंक के पास फूल विक्रेताओं, फैंसी आइटम विक्रेताओं, स्नैक विक्रेताओं और फल और सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। उन्हें दुकानों के साथ-साथ पानी और बिजली की आपूर्ति भी प्रदान की जाएगी।

# कोविड जांच आयोग की अवधि का किया गया विस्तार : गृह मंत्री



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि कोविड कथित हेराफेरी की जांच के संबंध में गठित जांच आयोग की अवधि छह महीने बढ़ा दी गई है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग के अनुरोध पर आदेश को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। कोविड के संदर्भ में कथित हेराफेरी की जांच और रिपोर्ट देने के लिए न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन किया गया था। आयोग अंतरिम रिपोर्ट जारी कर सकता है। लेकिन पूरी रिपोर्ट देने के लिए अभी समय है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जांच अधिकारी तय करेंगे कि बल्लारी जेल में रेणुकास्वामी की हत्या के आरोपी दर्शन को पहला आरोपी बनाया जाना चाहिए या दूसरा। अग्रहारा जेल में किए गए फोन कॉल और वीडियो कॉल की जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए सीसीबी प्रमुख चंद्रगुप्त को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि जांच कराकर रिपोर्ट सौंपकर उचित कार्रवाई की जाएगी। मुडा साइट हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरामैया पर उन्हें प्रभावित करने का आरोप लगा है। हम सब पहले ही कह चुके हैं कि इस पृष्ठभूमि में उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अटकलों के लिए कोई जगह नहीं है। ज्ञातव्य है कि जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन, जो एक प्रशंसक के अपहरण और हत्या मामले में आरोपी है, को गुरुवार की सुबह बेंगलूरु सेंट्रल जेल से बाहर निकाला गया। साथ ही बल्लारी जेल में स्थानांतरित किया गया। यह उन तस्वीरों और वीडियो के सामने आने के बाद हुआ है, जिसमें दर्शन को जेल में विशेष सुविधाएं दी जा रही थी। पुलिस उन्हें सुबह 4.30 बजे बेंगलूरु सेंट्रल जेल से बोलेरो वाहन में ले गई। सूत्रों ने कहा कि जेल अधिकारियों ने मीडिया और आम लोगों को दर्शन को देखने से रोकने के लिए वाहन की खिड़कियों पर पर्दे लगा दिए थे। अधिकारियों ने बल्लारी जाने का मार्ग बदल दिया था। चित्रदुर्ग से बल्लारी जाने के सामान्य मार्ग की बजाय, वाहन को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर मार्ग पर चिक्कबल्लापुर-बागेपल्ली के मार्ग से ले जाया गया।

# एमसीसी की आम सभा की बैठक में हंगामा



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मेंगलूरु सिटी कॉरपोरेशन (एमसीसी) की आम सभा की बैठक में उस वक्त हंगामा हुआ, जब विपक्षी पार्टी के सदस्यों ने माइक्रोफोन फेंककर अपना गुस्सा जाहिर किया। भाजपा सदस्य संगीता नायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने हाल ही में राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ मुडा मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के एक सदस्य की बस पर पथराव किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में एक महिला घायल हो गई। भाजपा की एक अन्य सदस्य शकीला कावा ने पथराव की घटना में शामिल और जमानत पर रिहा हुए एक मनोनीत सदस्य को सदन से हटाने की मांग की। विपक्षी सदस्यों ने सदन के वेल में जाकर विरोध प्रदर्शन किया और मेयर पर विपक्षी नेताओं को इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया। भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाए। विपक्षी नेता प्रवीण चंद्र अल्वा ने पिछली बैठक के मिनट्स पेश करने के बाद मेयर को बोलने की अनुमति नहीं देने के लिए आलोचना की और इसे अनुचित बताया। जब विपक्षी सदस्यों ने माइक्रोफोन की मांग की, तो एक माइक्रोफोन काम नहीं करने पर उसे फर्श पर पटक दिया गया, जिससे वह टूट गया। स्थिति और बिगड़ गई। सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने नेताओं पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया। इसके बाद मेयर ने अचानक बैठक समाप्त कर दी और बाहर चले गए।

# मंत्री ने लोगों से रंगहीन मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा की पूजा करने का किया अनुरोध

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के वन, जैव विविधता और पर्यावरण मंत्री ईश्वर बी खंड्रे ने राज्य के लोगों से गणेश उत्सव को पर्यावरण-अनुकूल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा गणेश पर्यावरण और प्रकृति से जन्मे देवता हैं। इस साल देशभर में मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है और आपदाएं आई हैं। इस प्रकार, प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी अब पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। आइए इस गणेश उत्सव को पर्यावरण-अनुकूल बनाएं।

उन्होंने संदेश दिया कि लोगों को रंगहीन मिट्टी की मूर्तियों के रूप में प्रकृति के संहारक विनायक की पूजा करनी चाहिए। उन्होंने अनुरोध किया कि जलीय जीवों की मृत्यु और जलस्रोतों को प्रदूषित करने वाले रासायनिक रंगों से युक्त पीओपी गणेश प्रतिमा की पूजा करने के बजाय हमें छोटी मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा लाकर घर में ही घोलकर उस जल को पेड़-पौधों में डालना चाहिए। त्योहार के उपलक्ष्य में गणेश जी के जुलूस के दौरान केवल हरे पटाखे ही जलाए जाने चाहिए। उन्होंने जनता से ध्वनि प्रदूषण,



जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण को रोकने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को सभी गणेशोत्सव समितियों को केवल मिट्टी की गणेश मूर्ति स्थापित करने की अपील करने का निर्देश दिया।

इससे पहले शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने चेतावनी दी थी कि गणेश उत्सव के लिए जबरदस्ती चंदा वसूलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि 7 सितंबर से पूरे शहर में जनता को गौरी-गणेश उत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 30 सूत्री गाइडलाइन का पालन करना होगा।

शहर के सभी पुलिस स्टेशनों के स्टेशन अधिकारियों से अपने अधिकार क्षेत्र में गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति आवेदन प्राप्त करना होगा। एसोसिएशनों से अनुरोध किया गया है कि वे गणपति की मूर्ति स्थापित करने के स्थान, दिन आदि के बारे में जानकारी देकर पहले से अनुमति लें। लाउडस्पीकरों का लाइसेंस देते समय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये नियमों/दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। लाउडस्पीकर का उपयोग केवल सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही करने की अनुमति होगी। किसी भी कारण से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। संस्थाओं के नाम पर जनता और व्यवसायियों से धन उगाही और रंगदारी वसू-लने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गणपति उत्सव के अवसर पर बदमाश पैसे मांगने के बहाने घर में घुसकर लूटपाट और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम दे सकते हैं, इसलिए थाना अधिकारी इस संबंध में जनता को उचित जानकारी/दिशा-निर्देश दें। जिन स्थानों पर गणपति की मूर्ति स्थापित होगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, वहां प्रबंधक से कार्यक्रम के बारे में पहले से लिखित अनुरोध प्राप्त कर उस स्थान पर उचित सुरक्षा व्यवस्था करें। आयोजकों को निर्देश दिए गए हैं कि गणपति प्रतिमा स्थल पर लगे पेंडल/छप्परों में अग्निशमन वाहन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। सभी संभागीय पुलिस उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे आयोजकों को अनिवार्य रूप से सीसीटीवी स्थापित करने के निर्देश दें और गणपति प्रतिमाओं की स्थापना के दिन से प्रतिमाओं के विसर्जन तक संबंधित स्थानों पर स्थानीय पुलिस नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जुलूस, विसर्जन और उसके बाद भी पर्याप्त एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# कोर्ट ने मुडा घोटाले में सीएम को दी गई अंतरिम राहत को बढ़ाया

### सुनवाई सोमवार तक टाली

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुडा मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को दी गई अंतरिम राहत को सोमवार तक बढ़ा दिया है।

हाईकोर्ट अब मुडा मामले से संबंधित दलीलों पर सोमवार को सुनवाई करेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धरामैया द्वारा दायर याचिका की जांच कर रहा है, जिसमें कथित मुडा घोटाला मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल थावर चंद गहलोत की मंजूरी को चुनौती दी गई है। इस मामले की देखरेख कर रहे न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने पहले सिद्धरामैया को अंतरिम राहत दी थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपाल की ओर से दलीलें पेश कीं। इस सप्ताह की शुरुआत में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.एम. सिंघवी ने मुख्यमंत्री की ओर से अपनी दलीलें पूरी कीं और प्रतिवादियों द्वारा अपनी दलीलें पेश किए जाने के बाद आगे की दलीलें पेश करने का अधिकार सुरक्षित रखा। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रोफेसर रविवर्मा कुमार भी सिद्धरामैया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



सिद्धरामैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति मांगने वाले शिकायतकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह द्वारा दलीलें पेश किए जाने की उम्मीद है। इस मामले में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) द्वारा सिद्धरामैया की पत्नी पार्वती को भ्रष्टाचार और अनियमित भूमि आवंटन के आरोप शामिल हैं।

# दर्शन मामले की जांच एक महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने टीमों को अग्रहारा जेल में अभिनेता दर्शन और कुख्यात उपद्रवियों को शाही आतिथ्य देने के दर्ज तीन मामलों की जांच एक महीने के भीतर पूरी करने का आदेश दिया है।

इस पृष्ठभूमि में, तीन जांच टीमों ने जांच तेज कर दी है और अग्रहारा जेल का दौरा कर रही हैं, जांच कर रही हैं और जानकारी और बयान प्राप्त कर रही हैं।

तीन जांच टीमें कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों से आप अभिनेता दर्शन और कुख्यात उपद्रवियों को किस तरह की सुविधाएं दे रहे थे, आपने ये सभी विशेषाधिकार कितने दिनों के लिए दिए थे, क्या आपने अन्य कैदियों, ट्रायल कैदियों को भी इस तरह की सुविधाएं दी हैं? समेत अन्य जानकारी जुटा रही है। अभिनेता दर्शन और उपद्रवियों के साथ राजपरिवार जैसा व्यवहार किए जाने की तस्वीरें वायरल होने पर अग्रहारा पुलिस स्टेशन में कुल तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक सिटी सब-डिविजन के एसीपी जेल अधिकारियों द्वारा कर्तव्य में ला-परवाही की जांच कर रहे हैं, और शेष दो मामलों की जांच परप्प-ना अग्रहारा और बंदेपाल्या पुलिस स्टेशनों के निरीक्षकों द्वारा की जा रही है।



# ऑनलाइन धोखेबाजों ने कन्नड़ में निशाना बनाया, झूठे मुकदमे की धमकी दी

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए अजनबियों से कॉल आने पर कन्नड़ में बात करने की सलाह देने वाली हाल की चेतावनियों के बावजूद, कटपडी के एक निवासी को एक धोखेबाज ने निशाना बनाया, जिसने कन्नड़ भाषा में उसे ठगने का प्रयास किया। कटपडी के ट्रक और टेंपो मालिकों के संघ के अध्यक्ष चंद्रा पुजारी को एक व्यक्ति ने फोन किया, जिसने खुद को वकील बताया।




कॉल करने वाले ने आरोप लगाया, आपकी ऋण किस्त लंबित है, और आपके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आपको अदालत में उपस्थित होने की आवश्यकता है। इसके बाद कॉल करने वाले ने चंद्रा पर गूगल पे के माध्यम से किस्त का भुगतान करने के लिए दबाव डाला, 8792701216 नंबर का उपयोग किया, जो ट्रू कॉलर ऐप पर नागा आर के रूप में दिखाई दिया। कॉल करने वाले ने यह जानने पर जोर दिया कि चंद्रा कब अदालत में पेश हो सकते हैं और फोन को किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दिया, जो ऋण जारी करने वाले प्रबंधक के रूप में प्रस्तुत हुआ।

कथित प्रबंधक ने दावा किया कि तकनीकी समस्या के कारण किस्त की स्वचालित कटौती नहीं हो रही है, तथा उसने गूगल पे के माध्यम से तत्काल भुगतान करने का आग्रह किया। घोटाले को पहचानते हुए, चंद्रा ने जवाब दिया मेरे पास कोई लंबित ऋण नहीं है। अगर कोई समस्या है, तो मैं व्यक्तिगत रूप से आपके कार्यालय में आऊंगा। उडुपी में आपका कार्यालय कहां है? कॉल करने वाले ने हकलाते हुए, स्थान भेजने का वादा किया, और अचानक कॉल समाप्त कर दिया। इसके बाद चंद्रा ने उस कंपनी से संपर्क किया जिसने उन्हें वाहन ऋण प्रदान किया था, जिसने पुष्टि की कि उनके कार्यालय से किसी ने ऐसा कॉल नहीं किया था और उनके ऋण का भुगतान अद्यतित था। इस घटना पर विचार करते हुए, चंद्रा ने कहा अगर मैं उनके दबाव में आ जाता, तो मैं गूगल पे के माध्यम से भुगतान करके पैसे खो देता। सौभाग्य से, मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में पता चलने के कारण, मैं सतर्क रहा और अपने पैसे बचाए।

# विभिन्न मंदिरों में पूजा-अभिषेक समेत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्रावण मास के अंतिम शनिवार के उपलक्ष्य में शनिवार को पूरे राज्य में गोविंदा नमस्नामणे का गायन किया गया। सुबह से ही वेंकटेश्वर, अंजनेय सहित राज्य के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अभिषेक समेत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। शनिश्चरास्वामी की पूजा-अर्चना अत्यंत निष्ठा और नियमितता के साथ करने की प्रथा पूर्व काल से ही चली आ रही है। लोगों ने मंदिरों में जाकर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। बेंगलूरु ग्रामीण जिले के मदुरै के शनि मंदिर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया था और बेंगलूरु, तुमकुरु, डोड्डबल्लापुर, नेलमंगला सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में भक्तों ने आकर पूजा की। इसी तरह, बेंगलूरु के मगडी रोड पर टोलगेट सर्कल के पास श्री शनेश्वर मंदिर में विभिन्न पूजा कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्तों ने कतारों में खड़े होकर भगवान के दर्शन किए। चिक्कबल्लापुर शहर के कंडवारा शहर में श्री लक्ष्मी वेंकटरमण स्वामी मंदिर में भगवान को मोतियों और विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया था। सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए कतार में लगे हुए थे। कतार में खड़े भक्तों ने गोविंदा गोविंदा के नाम से पूजा की और अपनी भक्ति का जश्न मनाया।



मालूर तालुक में चिक्कतिरुपति प्रसन्ना वेंकटरमण स्वामी मंदिर में भक्त उमड़ पड़े और भगवान के दर्शन के लिए सुबह 4 बजे से ही कतार में लग गए। भक्तों की मान्यता है कि श्रावण मास के दौरान यदि वे वेंकटरमण के दर्शन करेंगे और पूजा करेंगे तो उनकी मनोकामनाएं पूरी होंगी और इसी सिलसिले में भक्त विभिन्न मंदिरों में पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

# अपनी आत्मा का निरीक्षण करें: राजेश मुनि जी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शांतिनगर स्थित लुणावत जैन स्थानक भवन में शनिवार को प्रातः कालीन प्रवचन में राजेश मुनि जी ने फरमाया कि भगवान महावीर ने संसार में अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाया। उन्होंने अहिंसा और दया का पाठ पढ़ाकर मानवता को पुनर्जीवित किया। भगवान ने स्वयं की आत्मा का निरीक्षण करने का संदेश दिया, ताकि हम आत्मानंदी बनकर मोक्ष को पा सकें। अंत में धर्म की जीत और पाप का नाश होता ही है। हमें हर कार्य पूरी निष्ठा से करना चाहिए। यदि हम अहंकार और झूठ के सहारे जीवन जिएंगे तो हमारा भविष्य अवश्य ही गर्त में जाएगा और एक दिन हमारा घमंड भी चूर-चूर हो जाएगा। जैसा हम बोलेंगे वैसा ही मिलेगा। जिन भावों से देंगे उन्हीं भावों से पुनः प्राप्त होगा। मुनि ने रविवार से शुरू हो रहे पर्युषण पर्व के दौरान स्व को अपनी आत्मा से जोड़ने का संदेश दिया। मुनि ने कहा कि हमें जिन शासन की प्रभावना हो, ऐसा ही कार्य करना है, ताकि हम मिथ्यात्व रूपी कोहरे को हटाने में सफल हो सकें। ऋषभ मुनि जी ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने किया।

# 4 महीने में सत्ता खो देंगे मोदी, राहुल गांधी के आएंगे अच्छे दिन: जॉर्ज

**कोलार/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा पहले ही खत्म हो चुका है। वह अगले चार महीनों में सत्ता खो देंगे और अगले 15 साल राहुल गांधी के लिए अच्छा समय होगा। उन्होंने शहर में जिला कांग्रेस कार्यालय का दौरा किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी सौ झूठ बोल चुकी है और उसे सच बताती है। उन्होंने कहा कि उनके पतन का समय निकट है। लोग कांग्रेस पार्टी के पक्ष में हैं। हमने अच्छे कार्यक्रम दिए हैं, भाजपा की तरह हमने सांप्रदायिकता और जाति-धर्म के हंगामे के जरिए राजनीति नहीं की है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी पर है और कार्यकर्ताओं को भी अच्छा मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धरामैया और डीसीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में सरकार ने वादे के मुताबिक राज्य में गारंटी योजनाएं लागू की हैं। सीएम के राजनीतिक सचिव नसीर अहमद ने कहा कि देश में इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के जनहितैषी कार्यक्रमों को देखकर कई नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वे सत्ता में हों या नहीं, हर कोई पार्टी के लिए काम कर रहा है।



विधायक मंजूनाथ ने कहा कि कोलार जिले में बिजली की समस्या के समाधान पर ध्यान देने के लिए मंत्री को बुलाया गया है और कहा कि जिले में नए बिजली स्टेशनों की स्थापना पर जोर देकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

विधायक नंजेगौड़ा ने कहा कि जो लोग कांग्रेस पार्टी में सबसे तेज नेता के रूप में पहचाने जाते हैं और अवसरों की तलाश में आते हैं, जो लोग पार्टी के नेता बनते हैं उन्हें पार्टी के प्रति वफादार होना चाहिए। इस मौके पर एमएलसी एमएल अनिल कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष लक्षीदेवम, उपाध्यक्ष संगीता, जिला गारंटी कार्यान्वयन प्राधिकरण के अध्यक्ष वाई शिवकुमार, मोहम्मद हनीफ, कांग्रेस के पराजित उम्मीदवार केवी गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रसाद बाबू उप-स्थित थे।

# मंगला स्टेडियम के पास स्मार्ट फूड स्ट्रीट की जाएगी स्थापित



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्मार्ट सिटी परियोजना के सहयोग से मंगला स्टेडियम के पास एक 'स्मार्ट फूड स्ट्रीट' विकसित की जाएगी। इसके लिए स्टेडियम के पीछे की सड़क का उपयोग किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर (डीसी) मुल्लई मुहिलान की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। स्मार्ट फूड स्ट्रीट से प्राप्त राजस्व का उपयोग स्टेडियम के विकास के लिए किया जाएगा। डीसी मुहिलान ने निर्देश दिया कि स्टेडियम में आने वाले लोगों को असुविधा से बचाने और क्षेत्र में आम तौर पर होने वाली यातायात भीड़ से बचने के लिए स्टेडियम के पीछे की सड़क का उपयोग स्मार्ट फूड स्ट्रीट के लिए किया जाए। मेयर सुधीर शेट्टी कन्नूर ने बताया स्ट्रीट वेंडिंग में सड़क किनारे बैठकर सामान बेचना, चलती ट्रॉलियों का उपयोग करना या सिर पर सामान ढोना शामिल है। इसके लिए शहर के 10 क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और निरीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी। स्मार्ट सिटी अनुदान से वित्त पोषित मंगला स्टेडियम के पीछे की सड़क पर फूड स्ट्रीट स्थापित करने की योजना है। मेंगलूरु के युवा सशक्तिकरण और खेल विभाग के उप निदेशक प्रदीप डिसूजा ने कहा स्मार्ट सिटी परियोजना के सहयोग से मंगला स्टेडियम के पास एक स्मार्ट फूड स्ट्रीट स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इस पहल से स्टेडियम के लिए राजस्व उत्पन्न होगा। डीसी मुहिलान के निर्देशानुसार प्रारंभिक कार्य प्रगति पर है। सफाई और स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा, फूड स्ट्रीट के साथ भूमिगत जल निकासी और शौचालय की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

# आधार केंद्र के कर्मचारी पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आरोप

### हासन डीसी ने दर्ज कराई शिकायत

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** हासन में डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय में आधार केंद्र के एक कर्मचारी पर आधार कार्ड बनाने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आरोप लगाया गया है। हासन डीसी सी. सत्यभामा ने अनुश्री के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस से शिकायत की, जो दो साल से अधिक समय से आधार केंद्र पर काम कर रही थी। जिला प्रशासन ने उसे आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से काम पर रखा था। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के एक अधिकारी विजय कुमार ने हासन में डीसी से मुलाकात की और उन्हें कथित धोखाधड़ी गतिविधि के बारे में बताया। अधिकारी ने अपनी प्रारंभिक जांच में पाया कि आरोपी ने कथित तौर पर पैसे के लिए आवेदकों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए और उनका इस्तेमाल आधार बनाने के लिए किया। विजय कुमार ने मीडिया को बताया हमारी जांच के अनुसार, उसने 13 फर्जी प्रमाण पत्र बनाए। हमें यह पता लगाने के लिए आगे की जांच करनी होगी कि उसने कितने रिकॉर्ड बनाए हैं। प्रक्रिया के बारे में बताते हुए अधिकारी ने कहा कि आधार कार्ड प्रक्रिया के लिए आवेदकों के पास मूल जन्म प्रमाण पत्र होना चाहिए। जिनके पास मूल प्रमाण पत्र नहीं थे, उनके लिए आरोपी अन्य आवेदकों से प्राप्त मूल रिकॉर्ड की स्कैन की गई प्रतियों पर नाम बदलकर रिकॉर्ड तैयार करते थे। माता-पिता वही रहते थे, केवल आवेदकों के नाम जोड़े जाते थे। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक ए.टी. रामास्वामी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी शामिल लोगों की पहचान करने के लिए विस्तृत जांच की मांग की। उन्होंने कहा यह एक बड़ा मामला लगता है जिसमें कई लोग शामिल हैं।



# एआईएमपीएलबी ने वक्फ विधेयक के विरोध के लिए कर्नाटक सरकार से मांगा समर्थन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बेंगलूरु में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से उनके आवास कावेरी में मुलाकात की और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए कर्नाटक सरकार से समर्थन मांगा। एआईएमपीएलबी के महासचिव मौलाना मुहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने सीएम से अपील की कि बोर्ड विधेयक का विरोध करने और केंद्र को इसे संसद में पारित न करने के लिए राजी करने के लिए उनका समर्थन चाहता है। उन्होंने कहा सरकार इन मुद्दों को बहुत मासूम तरीके से पेश कर रही है, जैसे कि यह समुदाय के लिए फायदेमंद है। मुस्लिम समुदाय आम तौर पर जानता और समझता है कि यह केंद्र सरकार का खेल है। पहली नजर में, प्रस्तावित संशोधन मनमाने हैं और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26, 29 और 14 का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा वैसे भी, भले ही यह संविधान का उल्लंघन न करता हो, कागज पर इस तरह के कानून सरल लग सकते हैं, लेकिन कुछ लक्षित समुदायों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण प्रतिष्ठानों के हाथों में इनका इस्तेमाल आम जनता के बीच असंतोष का स्रोत बन जाता है, और वर्तमान मामले में, यह बड़े पैमाने पर मुस्लिम समुदाय के असंतोष का आधार बन जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री ने नीतीश सरकार के मंत्री को दी नसीहत, नाराज हुए जीतन राम मांझी

**पटना (एजेंसियां)।**

अशोक चौधरी के भूमिहार जाति पर दिए गये बयान पर सियासत गर्म हो गई है। मंत्री अशोक चौधरी का न सिर्फ जनता दल यूनाइटेड के अंदर विरोध होने लगा है बल्कि जनता दल यूनाइटेड के सहयोगी दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) 'हम' के अध्यक्ष जीतनराम मांझी ने भी उनके इस बयान पर आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने अशोक चौधरी को नसीहत देते हुए कहा कि 'किसी जाति विशेष पर बोलने से पहले सोच-समझ लें, फिर कुछ बोलें। उन्होंने कहा कि अशोक चौधरी के बयान का समर्थन नहीं किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अशोक चौधरी को कहा कि राजनीति में जाति पर बोलने से परहेज करें।



जनता दल यूनाइटेड के मुख्या प्रवक्ता नीरज कुमार ने अशोक चौधरी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अशोक चौधरी के द्वारा दिया गया बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। नीराज कुमार ने कहा कि अशोक चौधरी के पार्टी के निर्माण में कोई भूमिका नहीं है। लोगों में उनका कितना प्रभाव है इसको इस बात से समझा जा सकता है कि वह लोक सभा चुनाव में कटिहार संसदीय क्षेत्र के प्रभारी थे, लेकिन चुनाव प्रचार में कब कब शामिल हुए यह वहां के लोग बखूबी बता सकते हैं। दूसरी बात यह कि कटिहार में आपके संसदीय प्रभारी होने के बाद भी पार्टी वहां से हार गई। नीरज कुमार ने कहा कि कोई किसी को टिकट नहीं दिला सकता है, किसको टिकट देना है और किसको टिकट नहीं देना है यह अशोक चौधरी नहीं बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तय करते हैं। ऐसे में अशोक चौधरी अनर्गल बयान न दें। नीरज कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि मगध में उप-चुनाव होने हैं और अगर कोई यह चाहे कि उस चुनाव को प्रभावित कर दें तो हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि मगध के लोगो का भरोसा नीतीश कुमार पर है। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने मंत्री अशोक चौधरी को स्पष्ट रूप से कह दिया कि अशोक चौधरी ने पार्टी और नीतीश कुमार के नीति के विपरीत बयान दिया है और जो भी नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीतियों के खिलाफ काम करेगा, मैं उसका पुरजोर विरोध करूंगा।

दरअसल शुक्रवार को जहानाबाद में जनता दल यूनाइटेड के एक कार्यक्रम में पहुंचे जनता दल यूनाइटेड दल के मंत्री अशोक चौधरी ने भूमिहार जाति पर आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता एवं नेता लोग लोकसभा चुनाव में सही ढंग से अपनी भूमिका निभाते तो निश्चित रूप से जदयू प्रत्याशी की जीत होती। भूमिहार समाज को जब टिकट दिया जाता है तो समाज एकजुट होकर वोटिंग करते हैं लेकिन यही जब टिकट दूसरे कास्ट अति पिछड़ा को दिया जाता है तो वोट देने में यह समाज आना कानी करता है। यह चलने वाला नहीं है।

### पार्टी ने कर दिया यह खुलासा

# चिराग पासवान की लोकसभा सदस्यता को चुनौती देने वाले भाजपा के नेता नहीं

**पटना (एजेंसियां)।**

केंद्रीय मंत्री व लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) की लोकसभा सदस्यता को चुनौती देने वाले पटना के राकेश सिंह भारतीय जनता पार्टी में नहीं हैं। बिहार प्रदेश भाजपा ने दो टूक कर दिया है। इसको लेकर भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल की ओर लेटर जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट कहा गया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खुद को भारतीय जनता पार्टी का नेता बताने वाले राकेश कुमार सिंह हमारे गठबंधन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में भ्रामक खबरें और प्रचार फैलाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।



सम्मानित सहयोगी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारतीय जनता पार्टी इन दावों का खंडन करती है कि राकेश कुमार सिंह न तो भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं और न ही हमारी पार्टी से जुड़े हैं किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से।

बता दें कि राकेश सिंह 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान की पार्टी के टिकट पर घोषी से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि वह चुनाव हार गए थे। चिराग के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद उन्होंने खुद को भाजपा का नेता बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने यहां तक कह दिया था कि चिराग पासवान का कोई वजूद ही नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया था कि चिराग पासवान ने 2024 के लोकसभा चुनाव में दायर किए गए हलफनामा में अपनी प्रॉपर्टी के बारे में भी तथ्य छुपाए हैं। उसमें सिर्फ पटना के एसके पुरी के घर के बारे में बताया है। जबकि अपने पैतृक गांव में 80 एकड़ जमीन का जिक्र तक नहीं किया।

इतना ही नहीं राकेश सिंह ने चिराग की बीटेक की डिग्री पर भी सवाल उठाया है। राकेश सिंह ने आरोप लगाया था कि चिराग ने रेप एक मामले को छुपाया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर वहां 2021 में पुलिस ने केस दर्ज किया था। यह जानकारी भी उन्होंने छिपाई। राकेश सिंह ने केंद्रीय मंत्री चिराग के खिलाफ पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की बात कही। साथ ही चुनाव आयोग से भी शिकायत करने का दावा किया है।

# मोतिहारी में खेत में सो रहे किसान की कुदाल से काटकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**मोतिहारी (एजेंसियां)।**

पूर्वी चंपारण जिले के चैता गांव में एक व्यक्ति की कुदाल से काटकर अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि गांव के वार्ड-2 निवासी छोटेलाल साह की उस वक्त हत्या हो गई जब वह धान के खेत में चारपाई पर सोए हुए थे। सोए अवस्था में अज्ञात अपराधी आए और कुदाल से काटकर हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद छोटेलाल के घरवालों पुलिस को घटना की सूचना दी।



जानकारी के मुताबिक, धान के खेत में पानी की कमी को देखते हुए किसान छोटेलाल अपने खेत में मोटर से पटवन कर रहे थे। पटवन देर रात तक होने के कारण वह धान के खेत में ही सो गए। उसके बाद सोए अवस्था में ही उनकी हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पकड़ी दयाल डीएसपी सुबोध कुमार, इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष शकुंतला कुमारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।

मृतक के भतीजे रवि शंकर साह ने बताया कि कुदाल से उनके शरीर को काट कर हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि छोटेलाल साह आलू-प्याज का व्यवसाय भी करते थे। किसान की हत्या के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया है। गांव में भी अफरातफरी का माहौल है और लोग भयभीत हैं।

वहीं, पुलिस ने बताया कि मृत किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के स्पष्ट कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिकी के लिए आवेदन भी नहीं आया है। आवेदन मिलने पर मृतक के परिजन जो कारण बताएंगे उसपर जांच की जाएगी। वैसे पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करने और अपराधियों की पहचान की दिशा में काम कर रही है। इसकी वैज्ञानिक तरीके से भी जांच की जा रही है।

# रोहतास और कैमूर में एनआईए की छापेमारी, सात जगहों पर तलाशी के दौरान कई सामान मिले

**पटना (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार के दो जिलों में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने कैमूर और रोहतास के सात जगहों पर छापेमारी की।

टीम को कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को बरामद किया। टीम इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि एनआईए को सूचना मिली थी कि भर्ती और लेवी वसूली के माध्यम से संगठन को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर चल रहा है। सीपीआई (माओवादी) कैडर के इसमें लिप्त होने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आधार पर टीम ने सीपीआई माओवादी नेताओं के ठिकाने पर छापेमारी की।




बता दें कि अप्रैल 2022 को भाजपा माओवादी के शीर्ष नेता व कुख्यात नक्सली विजय कुमार आर्य और उमेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। दोनों रोहतास में संगठन को मजबूती देने और धन एकत्र करने में जुटे थे। उस वक्त उनके पास से पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, वाइस रिकॉर्डर, की पैड मोबाइल, लेवी रसीदें, प्रतिबंधित आतंकी संगठन के नक्सली पर्चे समेत कई सामान बरामद किए गए थे। इन दोनों पर गया, औरंगाबाद, रोहतास में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनआईए की टीम ने इन दोनों से जुड़े सात ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

एनआईए की मानें तो तीन अन्य आरोपी, अनिल यादव उर्फ अनिल व्यास, राजेश कुमार गुप्ता और रूपेश कुमार सिंह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। इन पर मामले में एनआईए द्वारा आरोप पत्र दायर किया गया है। तलाशी में जीवित गोला-बारूद के अलावा मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड सहित कुछ आपत्तिजनक दस्तावेजों, डायरियों आदि सहित डिजिटल उपकरणों को जब्त किया गया था। एनआईए का कहना है कि भर्ती और लेवी वसूली के माध्यम से सोन गंगा विंध्याचल जोनल एड्हॉक कमेटी को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे सीपीआई (माओवादी) कैडरों के बारे में और सुराग के लिए उपकरणों और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

# गया में डेंगू के बाद डायरिया का कहर, दो मासूमों की मौत



**पटना (एजेंसियां)।**

डेंगू के बाद अब डायरिया ने गया जिले के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जिला अस्पताल और निजी चिकित्सकों के यहां प्रतिदिन डायरिया से ग्रसित दर्जनों मरीज पहुंच रहे हैं। जिले के आमस प्रखंड के लालाडीह गांव में चापाकल और आहार में जमें पानी के कारण दूषित पानी लोगों के कंठ तक पहुंच रहा है। स्वास्थ्य विभाग डायरिया के मरीज बढ़ने के कारणों में से एक कारण प्रदूषित जलापूर्ति को मान रहे हैं। उक्त गांव में चापाकल और आहार में जमें पानी गांव के लोगों के लिए खतरे का सबब बनती जा रही हैं। डेंगू व वायरल के प्रकोप से जूझ रहे स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग के लिए अब डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी नई चुनौती बन सकती है। इसके संकेत भी मिल रहे हैं।

जिले के आमस प्रखंड में स्थित लालडीहा गांव में इन दिनों डायरिया के आतंक से गांव वाले परेशान हैं। डायरिया के चपेट में आने से दो मासूमों की मौत हो चुकी है। वहीं गांव के 18 लोग अब भी बीमार है। सभी बीमार लोगों को आमस स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। वहीं इलाज के दौरान तीन लोग स्वस्थ हो चुके है। फिलहाल स्वास्थ्य केंद्र में 15 लोगों का इलाज किया जा रहा है। हालांकि लालडीह गांव डायरिया फैलने की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग गांव का दौरा कर लोगों से मिलकर डायरिया फैलने की कारणों की जानकारी ले रहे है। वहीं चिकित्सकों की टीम गांव के चापाकल और आहार में जमें पानी को डायरिया फैलने का आशंका जताया है।

वहीं एक सप्ताह से लालडीह गांव में डायरिया के आतंक से भयभीत हैं। यही कारण है कि 80 घरों के गांव में अधिकांश घरों पर ताला लगा है। गांव वाले डायरिया के प्रकोप से पलायन होने को मजबूर है। गया के सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने बताया कि लालडीहा गांव में डायरिया फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। चिकित्सकों की टीम गांव पहुंच कर कारणों को जानने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गांव के चापाकल से निकलने वाली दूषित पानी और आहार में जमें पानी से डायरिया फैलने की आशंका जताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण कर लिया जाएगा।

### घर में घुसे नकाबपोश बदमाश

# मुखिया को बुलाने से मना करने पर युवती को मारी गोली



**सीतामढ़ी (एजेंसियां)।**

सीतामढ़ी में बेखौफ बदमाशों ने एक 18 वर्षीय युवती को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना सुरसंड थानाक्षेत्र के राधाउर गांव की है। जहां वार्ड नंबर आठ निवासी अरविंद तिवारी की बेटी रिमझिम कुमारी को गोली मार दी गई। घटना के बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीतामढ़ी शहर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति में उसका ऑपरेशन कर फिलहाल गोली बाहर निकाल दी गई है। बताया जा रहा है कि बदमाशों द्वारा युवती को पेट में गोली मारी गई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 12 बजे रिमझिम अपने घर पर थी। इसी दौरान तीन नकाबपोश बदमाश मौके पर पहुंचे। फिर स्थानीय मुखिया रवि शंकर ठाकुर को बुलाने के लिए कहा। जब युवती ने मना किया तो अपराधियों ने उसे डराने के लिए युवती के पैर के पास जमीन पर एक राउंड फायरिंग की। उसके बाद बदमाशों द्वारा फोन कर मुखिया को बुलाने के लिए कहा गया तो लड़की ने मना कर दिया। इतने में अपराधियों ने उसे पेट में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। इतने में आसपास के लोग और परिजन मौके पर दौड़ पड़े।

परिजनों ने रिमझिम को घायल अवस्था में हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, चिकित्सक ने बताया कि वह फिलहाल खतरे से बाहर है। इधर, घटना की सूचना पर स्थानीय सुरसंड थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस की दूसरी टीम ने हॉस्पिटल में भी पहुंचकर जख्मी लड़की का बयान दर्ज किया। सूत्रों के अनुसार मुखिया और उक्त लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। हालांकि थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### तेजस्वी के धरना-प्रदर्शन पर कसा तंज

# जाति विशेष पर असहयोग करने के बयान से जदयू ने किया किनारा



**सहरसा (एजेंसियां)।**

जदयू नेता सह मंत्री अशोक चौधरी के जाति विशेष पर असहयोग करने के बयान पर राजनीति शुरू हो गई है। इसे लेकर बिहार सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार ने सहरसा जिला अतिथि गृह में बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने सबके लिए काम किया है। साथ ही उन्होंने अशोक चौधरी के बयान को व्यक्तिगत बताया है। दरअसल, अशोक चौधरी ने कहा था कि भूमिहारों के गांव के विकास के लिए नीतीश कुमार ने ढेर सारे कार्य किए। लेकिन लोकसभा चुनाव में इस जाति के लोगों ने उन्हें दगा दिया।

मंत्री अशोक चौधरी के बयान को लेकर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत बयान है।

उन्होंने कहा कि बीते 19 वर्षों के शासनकाल में नीतीश कुमार ने सभी धर्म, सभी जाति और सभी वर्गों के लिए काम किया है। सभी लोगों ने नीतीश कुमार को समर्थन दिया है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी हमेशा से समरस समाज बनाना चाहती है। उन्होंने राज्य के हर परिवार को साधन-सुविधाएं पहुंचाई हैं।

वहीं, आरक्षण के मुद्दे पर तेजस्वी यादव द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर मंत्री श्रवण कुमार ने तंज कसा।

उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या को लेकर आवाज उठाने के लिए सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में पांच दिनों तक हाउस चला, लेकिन तेजस्वी एक दिन भी नहीं आए। एक भी सवाल नहीं उठाया। धरना प्रदर्शन, यात्रा या भ्रमण करने से समस्याओं का समाधान नहीं होता। जनता उन्हें नकार चुकी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com